नव भारत



5 लोकतंत्र की आत्मा को ठेस पहुंचा रहा विपक्ष



6 मानसून सत्र की कौन सी उपलब्धि



7 भारत की आर्थिक स्थिरता में मौद्रिक नीति अहम



8 मेदवेदेव उलटफेर के शिकार

## एक नजर में



### सदनों को अधिक पारदर्शी बनाने की आवश्यकता

**नयी दिल्ली.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदनों में सदस्यों के आचरण में गिरावट आने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि हमें सदनों को और पारदर्शी और जवाबदेही बनाने की आवश्यकता है. बिरला ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा में अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन के समापन समारोह में कहा कि हम जिस कक्ष में बैठे हैं यह कक्ष आजादी के पहले विधायी संस्थाओं विधायी कार्य और लोकतंत्र के लिए और देश की आजादी के लड़ने वालों की आवाज और स्वर का सभागार है. इस सभागार में 1925 में पहले नेशनल असेंबली के स्पीकर के रूप में अध्यक्ष की परंपरा, व्यस्था को स्वतंत्र, निर्विवाद और न्यायपूर्ण लेकिन संस्थाओं के प्रति जिम्मदारी और गरिमा के साथ जिन्होंने दिशा दी उसकी आज शताब्दी वर्ष मना रहे हैं.

### हमारे पास 11 महीने का विदेशी मुद्रा भंडार

**नयी दिल्ली.** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 695 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो 11 महीने के व्यापारिक निर्यात को कवर करने के लिए पर्याप्त है. उन्होंने कहा कि मजबूत भंडार भारत को वैश्विक आर्थिक झटकों से बचाने में मदद करेगा. एफआईबीएसी 2025 बैंकिंग सम्मेलन में बोलते हुए मल्होत्रा ने बताया कि आरबीआई अपने विनियमों की समीक्षा के लिए एक नियामक समीक्षा प्रकोष्ठ बनाएगा, जो हर 5-7 साल में नियमों का मूल्यांकन करेगा. उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक मूल्य स्थिरता और आर्थिक विकास को ध्यान में रखते हुए मौद्रिक नीति का संचालन जारी रखेगा और वित्तीय स्थिरता को मजबूत बनाना प्राथमिक उद्देश्य रहेगा.

### सुरक्षा बलों ने उरी सेक्टर में घुसपैठ की नाकाम

**श्रीनगर.** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास उरी सेक्टर पर घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि उरी सेक्टर के तोरणा इलाके में एलओसी पर तैनात जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी जिसके बाद सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया. उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को जब चुनौती दी गई उसके बाद कुछ देर के लिए गोलीबारी हुई. इलाके में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया है. किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है. जबकि सेना और पुलिस दोनों ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है. 13 अगस्त को नियंत्रण रेखा के पास उरी सेक्टर में हुई.

## गुस्ताखी माफ




# प्रदेश में 4 नए मेडिकल कॉलेज

## कॉलेजों की स्थापना के लिए एमओयू पर नड्डा ने किए हस्ताक्षर

**जबलपुर, 25 अगस्त. कांग्रेस अमावस्या है, भाजपा पूर्णमासी है. 2014 भारतीय राजनीति का टर्निंग पाइंट रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिस्पॉन्सिबल, रिस्पॉसिव और रिपोर्ट कॉर्ड वाली सरकारों का दौर शुरू किया है. हमारी अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी बता रहे हैं डेड कांग्रेस के डेड लीडर . अब हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है.**


विरोधी भी मानते हैं राष्ट्रीयता और संगठन तंत्र में भाजपा का मुकाबला नहीं किया जा सकता है और यही हमारी ताकत है. भारतीय जनता पार्टी देश का इकलौता वैचारिक दल है. हमने सत्ता के लिए समझौते नहीं किए, अपने रास्ते नहीं बदले हैं. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक जिम्मेदार सरकार बनी है जिसने देश की दिशा बदल दी है. ये सारी बातें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी



नड्डा ने रानीताल स्थित भाजपा के संभागीय कार्यालय में बैठक के दौरान कहीं. उन्होंनें इस दौरान ये भी कहा कि हमें कांग्रेस के कारनामों का हिसाब-किताब जनता को बताना होगा. भाजपा ने जो कहा है अवसर मिलते ही उसे करके दिखाया है. पहले सरकार एक व्यक्ति, जाति, क्षेत्र व वर्ग की होती थी, आज जनता की सरकार हो चुकी है.

इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक सूचना केन्द्र, जबलपुर में आयोजित श्योपुर और सिंगरौली के नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों का लोकार्पण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले हेल्थ पॉलिसी ऐसी रही कि पहले बीमार होने दो, इसके बाद इलाज होने दो, लेकिन 2017 में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई हेल्थ पॉलिसी बनी जिसने सोच ही बदल डाली. देश में 1 लाख 77 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना की गई जिसमें 30 साल से अधिक के हर युवक की स्क्रीनिंग कराई जा रही है. छिपी बीमारी का पता लगाकर उसे बेहतर इलाज दिया जा रहा है. आज के समय मध्यप्रदेश स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक शीर्ष नेतृत्व पूरे देश में प्रदान कर रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के साथ प्रदेश में स्वास्थ्य की बहुत अच्छी तस्वीर सामने आई है.

> केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने जबलपुर से प्रदेश में 4 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए एमओयू हस्ताक्षर किए. इसके साथ ही सिंगरौली-श्योपुर को नए मेडिकल कॉलेज की सौगात दी. आदिवासी अंचल सिंगरौली और श्योपुर में मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण और आयुष्मान भारत योजना के तहत नवाचारों का शुभारंभ भी किया गया.




भारत के सबसे निरंतर और विश्वसनीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने खेल को अलविदा कह दिया !

# प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री नहीं होगी सार्वजनिक

**नयी दिल्ली,25 अगस्त. दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को अहम फैसला सुनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री को सार्वजनिक करने के केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेश को खारिज कर दिया. अदालत ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री की ग्रेजुएशन डिग्री का विवरण सार्वजनिक करने के लिए बाध्य नहीं है.**



हाईकोर्ट का फैसला

साल 2016 में सीआईसी ने 1978 में बीए पास करने वाले छात्रों के रिकॉर्ड की जांच की अनुमति दी थी, जिसमें पीएम मोदी का नाम भी शामिल माना गया था. दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस आदेश को चुनौती दी थी. सुनवाई के दौरान विश्वविद्यालय की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि निजता का अधिकार जानने के अधिकार से अधिक महत्वपूर्ण है. अदालत ने भी माना कि केवल जिज्ञासा के आधार पर निजी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती. हालांकि, विश्वविद्यालय ने यह स्पष्ट किया कि वह मोदी की डिग्री अदालत के समक्ष पेश करने को तैयार है, लेकिन इसे आरटीआई के तहत अजनबियों द्वारा जांच के लिए उपलब्ध नहीं कराया जा सकता.

## टैरिफ पर बोले मोदी-किसानों का अहित नहीं होने देगी सरकार

**अहमदाबाद, 25 अगस्त.** भारत के माल पर अमेरिका में भारी आयात शुल्क लगाये जाने तथा अन्य व्यापारिक कार्रवाइयों की धमकी के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता से स्वदेशी अपनाने की अपील करते हुए सोमवार को दोहराया कि सरकार छोटे उद्यमियों का, किसानों , पशुपालकों का अहित नहीं होने देगी. मोदी ने 'विकसित भारत, विकसित गुजरात' बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद एक जन सभा को संबोधित कर थे. उन्होंने कहा, मेरी सरकार लघु उद्यमियों का, किसानों का, पशुपालकों का अहित नहीं होने देगी.

# सड़क हादसे में नौ की मौत

## बुलंदशहर में कंटेनर की ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर

**बुलंदशहर, 25 अगस्त. उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के अरनिया क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली पर सवार नौ श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गयी जबकि 42 अन्य घायल हो गये जिनमें दो की हालत अब भी नाजुक बनी हुयी है.**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुये मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है जबकि घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं. योगी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को दो-दो लाख रुपये व हर घायल को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं. साथ ही घायलों का



उपचार सरकार के खर्चे पर किया जायेगा. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि अलीगढ़ जिले के सीमावर्ती घटाला गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर रात करीब सवा दो बजे तेज़ रफ़्तार कंटेनर ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी. इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक अन्य ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया.

# मुख्यमंत्री आज बांटेंगे नियुक्ति-पत्र

**1060** कार्मिकों को मिलेगा लाभ | **51** हजार 711 नये स्थाई पदों की स्वीकृति के लिए सीएम का सम्मान

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 25 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 अगस्त को दोपहर 12 बजे रवीन्द्र भवन भोपाल में विद्युत कंपनियों के नवनियुक्त 1060 कार्मिकों को नियुक्त-पत्र वितरित करेंगे.**

कार्यक्रम में बिजली कंपनियों के लिए नवीन संगठनात्मक संरचना के तहत 51 हजार 711 नये स्थाई पदों की स्वीकृति के लिये मुख्यमंत्री का अभिनंदन भी किया जायेगा. ऊर्जा विभाग की विभिन्न बिजली कंपनियों में रिक्त पदों की परीक्षा के बाद कर्मचारियों का चयन किया गया है. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार को मंत्रालय में 26 अगस्त के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की. ऊर्जा मंत्री तोमर ने अधिकारियों को सभी तैयारियां समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिये. उन्होंने कार्यक्रम स्थल का भी निरीक्षण किया. अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई ने कार्यक्रम आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी. ऊर्जा मंत्री ने बताया कि संकल्प-पत्र के आधार पर विभिन्न पदों पर एमपी ऑनलाइन के माध्यम से भर्ती की गई है. चयनित पदों में बिजली इंजीनियर, सिविल इंजीनियर, लेखाधिकारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक, सहायक विधि अधिकारी, लाइन अटैंडेंट, सिक्योरिटी ऑफिसर, पॉवर प्लांट फार्मासिस्ट, केमिस्ट, एएनएम, ट्रेसर, स्टाफ नर्स, लैब टेक्निशियन, रेडियोग्राफर, ईसीजी टैक्निशियन, पब्लिसिटी ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर आदि पद शामिल हैं.

> भोपाल में होने वाले इस राज्य स्तरीय समारोह में नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया है. इस अवसर पर प्रदेश की विभिन्न बिजली कंपनियों की उपलब्धियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी. साथ ही विद्युत कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ भी कर्मचारी हितों और उपभोक्ता सेवाओं को लेकर चर्चा भी की जाएगी.

# उदय और हिमगिरि युद्धपोत होंगे शामिल

- समारोह की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे
- गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा होगा निर्मित

**नयी दिल्ली, 25 अगस्त. देश में ही निर्मित अत्याधुनिक मल्टी-मिशन स्टील्थ फ्रिगेट उदयगिरि और हिमगिरि को आज नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा. इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे.**

यह पहला अवसर है जब दो अलग-अलग शिपयार्डों में निर्मित अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों को एक साथ नौसेना में शामिल किया जा रहा है. प्रोजेक्ट 17 श्रेणी के इन युद्धपोतों को विशाखापत्तनम में नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा. उदयगिरि और हिमगिरि प्रोजेक्ट 17 (शिवालिक ) श्रेणी के फ्रिगेट हैं. इन दोनों में डिज़ाइन, स्टेल्थ, हथियार और सेंसर प्रणालियों के स्तर पर महत्वपूर्ण सुधार शामिल किये गये हैं.

मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा निर्मित उदयगिरि और कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा निर्मित हिमगिरि, देश की बढ़ती पोत निर्माण क्षमता के साथ-साथ भारत के प्रमुख रक्षा शिपयार्डों के बीच तालमेल को भी दर्शाते हैं. उदयगिरि को अपनी श्रेणी का सबसे तेज़ जहाज होने का गौरव भी प्राप्त है. यह भारतीय शिपयार्डों द्वारा अपनाई गई मॉड्यूलर निर्माण पद्धति का परिणाम है.

प्रतिष्ठित पूर्ववर्ती युद्धपोतों के नामों को पुनर्जीवित करने की नौसेना की परंपरा को ध्यान में रखते हुए दोनों फ्रिगेटों का नाम पूर्ववर्ती आईएनएस उदयगिरि (एफ35) और आईएनएस हिमगिरि (एफ34) के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने सेवामुक्त होने से पहले 30 वर्षों से अधिक समय तक राष्ट्र की विशिष्ट सेवा की थी. इस प्रकार नये उदयगिरि और हिमगिरि अपनी विरासत का सम्मान करते हैं तथा क्षमता के एक नये युग का सूत्रपात करता है.

## बिहार में मतदाता सूची में शामिल कराने आए 3 .80 लाख आवेदन

**नयी दिल्ली, 25 अगस्त.** बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में 18 वर्ष या उससे अधिक की आयु प्राप्त कर चुके युवा मतदाताओं की ओर से सूची में पहली बार नाम दर्ज कराने के लिए करीब 3.80 लाख फार्म और आवेदन प्राप्त हुए है. इस समय बिहार में एसआईआर की कार्यवाही में पहली अगस्त को जारी नयी सूची के मसौदे पर दावे और आपत्तियों का समय चल रहा है. इसके लिए अभी सात दिन बाकी है. चुनाव आयोग के अनुसार 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नये मतदाताओं की ओर से 3,79,612 फार्म 6 और उसके साथ विनिर्दिष्ट घोषणा-पत्र जमा कराये गये हैं.

# सफलता के लिए चुनौतियों का करें सामना

## शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना होगी शुरू : सीएम योगी

**लखनऊ, 25 अगस्त. अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा कर लौटे पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार को लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, विस्तार शाखा में छात्रों से संवाद किया.**

उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियों से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उनका डटकर सामना करना चाहिए. शुक्ला ने कहा कि जब भी कोई नयी चुनौती सामने आए, यह मत सोचें होगा या नहीं, बल्कि काम को आगे बढ़ाइए, सफलता निश्चित मिलेगी. साथ ही शुक्ला ने सोमवार को



लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की. इस दौरान उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे.

सीएम योगी ने नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में अंतरिक्ष यात्री शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना शुरू करने की घोषणा की.

## मुलाकात | फिजी की अर्थव्यवस्था में भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना

# भारत-फिजी रिश्ते और मजबूत होंगे : पीएम राबुका



**नई दिल्ली, 25 अगस्त. फिजी के प्रधानमंत्री सिटीवेनी राबुका ने कहा कि उनका देश भारत के साथ अपने रिश्तों को और प्रगाढ़ करेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हैदराबाद हाउस में हुई मुलाकात के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में राबुका ने पीएम मोदी को महान नेता बताया और फिजी की अर्थव्यवस्था में भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की.**

राबुका ने कहा कि फिजी में हर साल मई महीने में गिरमिटिया दिवस मनाया जाता है. यह परंपरा उन भारतीय मजदूरों की याद में शुरू की गई थी, जो 1879 से 1916 के बीच समझौते के तहत गन्ने के खेतों में काम करने फिजी पहुंचे थे.

करीब 60,000 से अधिक मजदूरों ने अपनी मेहनत से फिजी की अर्थव्यवस्था और समाज को नई दिशा दी. आज उनके वंशज भी फिजी के विकास और स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं.फिजी प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका देश भारत की वैश्विक सौर ऊर्जा पहल और औषधि अनुसंधान कार्यक्रमों का हिस्सा बनकर गौरवान्वित है.

> **आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए चुनौती : मोदी**
>
> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिजी के प्रधानमंत्री सिटीवेनी राबुका की मुलाकात ने दोनों देशों के रिश्तों में नया अध्याय जोड़ दिया. मोदी ने कहा कि भारत-फिजी संबंध परस्पर विश्वास और सम्मान पर आधारित हैं. इसी क्रम में मोदी ने फिजी की राजधानी सुवा में 100 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाने, डायलिसिस यूनिट और एम्बुलेंस उपलब्ध कराने तथा जन औषधि केंद्र खोलने की घोषणा की. मोदी ने कहा कि आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती है और इस लड़ाई में फिजी सरकार के सहयोग के लिए आभारी हैं.

# ईडी ने किया टीएमसी विधायक जीवन कृष्ण साहा को गिरफ्तार

- मनी लॉन्ड्रिंग में किया केस दर्ज
- बंगाल स्कूल भर्ती घोटाले में बड़ी कार्रवाई

**कोलकाता,25 अगस्त. पश्चिम बंगाल में चर्चित स्कूल भर्ती घोटाले की जांच तेज हो गई है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक जीवन कृष्ण को गिरफ्तार कर लिया.**

गिरफ्तारी से पहले ईडी ने मुर्शिदाबाद स्थित उनके आवास और रिश्तेदारों के ठिकानों पर छापेमारी की. छापे के दौरान साहा ने दीवार फांदकर भागने की कोशिश की और अपने मोबाइल फोन नाले में फेंक दिए, जिन्हें बाद में एजेंसी ने बरामद कर लिया.

ईडी ने बताया कि साहा को पीएमएलए के तहत सहयोग न करने और सबूत नष्ट करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. इससे पहले 2023 में भी सीबीआई ने उन्हें इसी मामले में हिरासत में लिया था. कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने समूह ग और घ के कर्मचारियों, कक्षा 9 से 12 तक के सहायक शिक्षकों और प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच शुरू की थी.